» न्यूज-ब्रीफ



अवधि पार 80 किलोग्राम खाद्य सामग्री कार्रवाई नष्ट

सीमा सन्देश संवाददाता

सीकर। दीपावली पर्व पर आमजन को शुद्ध व ताजा खाद्य वस्तुएं उपलब्ध हो, इसके लिए चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को विभाग की अलग अलग टीमों ने नीमकाथाना, लोसल और लक्ष्मणगढ क्षेत्र में कार्रवाई कर खाद्य वस्तुओं के 18 सैम्पल लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि नीमकाथाना क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजियां, वीकेश कुमार, साधना जांगिड, सुरेश व शुभम की टीम ने खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और जांच के सैम्पल लिए। इस दौरान अवधि पार मिले करीब 80 किलोग्राम नमकीन, खराब मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक नष्ट करवाई। उन्होंने रसगुल्ला, कलाकंद, सोन पापड़ी, मावा आदि के सैम्पल लिए। लोसल क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदराम मीणा, सुनिता यादव की टीम ने इंडाई पेठा, मावा पेड़ा, रसगुल्ला आचार आदि के सैम्पल लिए। वहीं लक्ष्मणगढ क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमूद अली, अंबिका चौधरी, तरुण की टीम ने कोहिनूर शॉप से राजस्थानी लाल मिर्च पाउडर, मर्स्ट्ड ऑयल एंड पास्ता के सैम्पल लिए। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देशन में प्रदेश में चल रहे दीपावली विशेष अभियान के तहत खाद्य वस्तुओं की जांच व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण लगातार किया जाएगा। आमजन खाद्य वस्तुओं में मिलावट करने वालों की सूचना विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 01572-248211 पर भी दे सकते हैं।



राजलिया में सुमन कस्वां बनीं सरपंच, मंजू कंवर निर्विरोध चुनी गईं उपसरपंच

सुरेरा। ग्राम पंचायत राजलिया में पंचायतीराज चुनाव के बाद नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलिया में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच सुमन कस्वां सहित पूरी टीम ने शपथ ग्रहण की। सरपंच पद पर सुमन कस्वां ने 304 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। वहीं उपसरपंच पद पर मंजू कंवर पत्नी महावीर सिंह को निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के 9 वार्ड पंचों ने भी जीत दर्ज की। इस दौरान पंचायतीराज चुनाव में लोकतंत्र के प्रति ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। राजलिया के वार्ड नंबर 16 से पंचायत समिति सदस्य पद की प्रत्याशी 75 वर्षीय इंद्रा देवी ने मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया। वहीं बजरंग लाल सैन ने अपने परिवार के साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



नर्सिंग की स्टूडेंट खुशबू बानो ने 21 की उम्र में बनी युवा सरपंच, ग्रामीणों ने किया स्वागत

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना। जब देश की युवा पीढ़ी अक्सर अपने करियर और सपनों की दौड़ में उलझी होती है, तब डेगाना विधानसभा के हरसौर गांव से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो समाज की धारा बदलने का माद्दा रखती है। मात्र 21 साल 6 महीने की उम्र में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही खुशबू बानो ने सरपंच पद की कमान संभालकर यह साबित कर दिया है कि अगर हौसला बुलंद हो, तो उम्र सिर्फ एक नंबर है।

अगर हौसला बुलंद हो, तो उम्र सिर्फ एक नंबर है

क्या है खुशबू का 'विजन'?

पारंपरिक राजनीति से हटकर, युवा सरपंच खुशबू बानो ने साफ कर दिया है कि उनका फोकस सिर्फ कागजी विकास पर नहीं, बल्कि धरातल पर बदलाव लाने पर है:

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उनकी सूची में सबसे ऊपर हैं। हर घर तक शुद्ध पेयजल और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। पंचायत के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। आईटी केंद्र में हुए ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी अनवर खपटी, बाबू खां दायमा, पूर्व सरपंच जाकिर हुसैन, दुर्गासिंह राठौड़ अन्य लोग उपस्थित रहे।

संत-महात्माओं ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लोसल में मुरलीवाला स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ

- शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों और मिठाइयों की मिलेगी सुविधा

सीमा सन्देश संवाददाता

लोसल। कस्बे के डीडवाना-सीकर रोड पर श्रीराम धर्मकांटा के सामने, पुलिस थाने के पास नवनिर्मित मुरलीवाला स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ समारोह प्रातः 8:15 बजे संत-महात्माओं एवं गणमान्य अतिथियों के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। संत-महात्माओं ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन किया गया।

रामानन्द परमहंस आश्रम, लोसल के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 श्री आकाशानंद गिरी जी महाराज का विशेष सानिध्य रहा। समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मणराम चौधरी, सत्यनारायण कालिका वार्ड नंबर 10 से पार्षद दीपक पंसारी,बी एल रणवां सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नवनिर्मित मुरलीवाला स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट में ग्राहकों के लिए शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों के साथ विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रतिष्ठान के शुभारंभ को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक सत्यनारायण कालिका एवं, महावीर प्रसाद पंसारी,नटवरलाल पंसारी रहे। स्वागतकर्ता दीपक कुमार पंसारी ने समारोह में पधारे संत-महात्माओं एवं अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष गोविंदराम बिजारणियां, बंशीलाल रैगर, गौरीशंकर शर्मा, नटवर लाल सोनी मोहन लाल बाजियां, महावीर मिश्रा, बलवीर बाजियां, राजेंद्र स्वामी,कमल सिंह तंवर, सत्यनारायण रोहलन, रोशन लाल,जोधराज रैगर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अंत में समस्त कालिका एवं पंसारी परिवार की ओर से शुभारंभ समारोह में पधारे सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

◆ आकाशा नंद गिरी महाराज ने फीता काटकर किया शुभारंभ





BRICS सतत जीवनशैली सप्ताह में आरयूआईडीपी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित

कुचामनसिटी। राजस्थान नगरीय आ विकास परियोजना की सामु जागरूकता एवं जन सहभागिता इव जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पव मीना के मार्गदर्शन में सहायक अनिल सैनी के सहयोग से कुचामन के एसटीपी साइट पर ब्रिक्स सस्टेनेबल सप्ताह के L&T contracters साथ बैठक आयोजित कर सुरक्षित रुप से -कचरा (ए-ह्रं२३ी/ए'ि३१ङ्मल्लू ह्रं२३ी) का मतलब है फेंके गए, खराब, पुराने या उपयोग में न आने वाले इलेक्ट्रॉनिक और बिजली के उपकरण।

कार्यक्रम में एल एण्ड टी के प्रोजेक्ट मैनेजर शहनवाज जी ने मोबाइल फोन, चार्जर और इयरफोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, की-बोर्ड और माउस, टेलीविजन (TV), फ्रिज, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव, बैटरी, प्रिंटर और बच्चों के इलेक्ट्रॉनिक खिलौने, ई-कचरा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक बताया।

ई कचरा क्यों खतरनाक है

इलेक्ट्रॉनिक सामानों में लेड (सीसा), मर्करी (टै्ा418), कैडमियम और आर्सेनिक जैसी जहरीली धातुएं होती हैं। जब इन्हें साधारण कूड़े में फेंक दिया जाता है या खुले में जलाया जाता है, तो: ये रसायन मिट्टी और पानी को प्रदूषित करते हैं।

सीएफएम असेट रिकॅन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ब्लॉक नं. ए/1003, पश्चिम गेट, नजदीक वाईएमसीए क्लब, एसयूआर नं. 835/1+3, एस.जी. हाईवे, मकरबा, अहमदाबाद गुजरात-380051

कॉर्पोरेट ऑफिस : प्रथम तल, वैकफील्ड हाउस, स्प्लेट रोड, बल्लार्ड एस्टेट मुम्बई-400038

ईमेल: info@cfmarc.in,Sweta.Rana@Cfmarc.In

संपर्क: 022-40055282 & 7208974553

CFM RC thoughtful regeneration CIN: U67100GJ201SPTC083994

'परिशिष्ट-IV-A

[देखें नियम 8(6) के प्रावधान]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

जन सामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारक (रों) और जमानादार(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां(सुरक्षित आस्तियां) को सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभार रखा गया है, जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी **सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीएफएमएआरसी ट्रस्ट -2 आईएफसीएल के ट्रस्टी की क्षमता के रूप में कार्यरत'सुरक्षित लेनदार) द्वारा ले लिया गया है, जिसको सुरक्षित लेनदार 1. एमवीएल लिमिटेड (परिसमापन के तहत), और 2. श्री प्रेम अदीप ऋषि (व्यक्तिगत गारंटर), और 3. एमवीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारंटर) से बकाया के लिए** 25 जून 2021 के अनुसार बकाया रुपये रु. 1,70,76,61,601.71 (रुपये एक सौ सत्तर करोड़ छिहत्तर लाख इकहतर हजार छह सौ एक व पैसे इकहत्तर मात्र मात्र) और आगामी लागतों, ब्याज और व्यय सहित की बकाया वसूली के लिए 'जो है जहां के आधार', 'जो है क्या है के आधार', 'वहां जो भी है के अधार' और 'बिना किसी रिकोर्स के आधार' पर **25 नवम्बर 2026** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

संपत्तियों का आरक्षित मूल्य और बयाना राशि नीचे दी गई है, और ग्राम - सैदपुर, तहसील- तिजारा, भिवाड़ी, जिला- अलवर, राजस्थान में स्थित आवासीय प्रोजेक्ट 'एमवीएल-कोरल' में निर्मित व्यक्तिगत फ्लैट या फ्लैटों के समूह के लिए बोलियाँ नीचे सूचीबद्ध लॉट संख्याओं के आधार पर प्रस्तुत की जाएँगी:

एवेन्यू 2, 3 और 5 में फ्लैट (कुल संख्या - 17)

लाट सं.	ऐवेन्यू	फ्लैट संख्या	स्क्वैयर फीट में क्षेत्र	आरक्षित मूल्य (रुपये में)	ईएमडी रुपये में
1	2	2C–G5	2,585	45,23,750	4,52,375
2	3	3A–G1	1,740	30,45,000	3,04,500
3	3	3A–G3	1,815	31,76,250	3,17,625
4	3	3A–G4	1,815	31,76,250	3,17,625
5	3	3A–G5	2,585	45,23,750	4,52,375
6	3	3B–G1	2,585	45,23,750	4,52,375
7	3	3B–G2	2,585	45,23,750	4,52,375
8	3	3C–G1	1,815	31,76,250	3,17,625
9	3	3C–G2	1,815	31,76,250	3,17,625
10	3	3C–G3	1,980	34,65,000	3,46,500
11	3	3C–G4	1,740	30,45,000	3,04,500
12	3	3C–G5	2,585	45,23,750	4,52,375
13	5	5A–G5	2,585	45,23,750	4,52,375
14	5	5B–G1	2,585	45,23,750	4,52,375
15	5	5B–G2	2,585	45,23,750	4,52,375
16	5	5C–G5	2,585	45,23,750	4,52,375
17	2	2B–G1	2,585	45,23,750	4,52,375
Total			38,570	67497500	67,49,750

सुरक्षित डेबिट:	25 जून 2021 के अनुसार रु. 1,70,76,61,601.71 (रु. एक सौ सत्तर करोड़ छिहत्तर लाख इकसठ हजार छह सौ एक और पैसा इकहत्तर) और साथ ही अंतिम भुगतान तक देय ब्याज, अन्य लागतें और व्यय।
आरक्षित मूल्य (आरपी):	**जैसा कि ऊपर दी गई तालिका में बताया गया है**
निरीक्षण	**अनुरोध पर आएँ**
समय: दिनांक: स्थान: ई-नीलामी के लिए	वेबसाइट (https://www.bankeauctions.com) के माध्यम से ई-नीलामी/बोली दिनांक: 25 /11/2026- समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय:	24 /11/2026 को शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले
ईएमडी:	**जैसा कि ऊपर दी गई तालिका में बताया गया है**
सम्पर्क:	**श्वेता राणा - 7208974553**

भार यदि कोई हो: सुरक्षित लेनदार को ज्ञात नहीं

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी बोलियां जमा करने से पहले संबंधित संपत्ति की ई-नीलामी/बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों और अन्य विवरणों के लिए सुरक्षित लेनदारों की वेबसाइट यानी https://www.cfmarc.in पर दिए गए लिंक को देखें। **बोलीदाता वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर भी जा सकते हैं या सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड. बोलीदाता सहायता संख्या: 0124-4302020 / 21 / 22, +91 7291981124 / 1125 / 1126; ईमेल: support@bankeauctions.com श्री भाविक पंड्या, संपर्क नंबर: +91 9974887668 से संपर्क कर सकते हैं।**

15 दिवस का यह नोटिस आप सभी को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत सरफेसी नियमों के नियम 8, उप नियम 6 के अनुपालन में दिया जा रहा है, जिसमें सभी ऋणधारक और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को सुरक्षित सम्पत्तियों/सुरक्षित आस्तियों को छुड़ाने की सलाह के साथ, उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी/बिक्री को उपरोक्त तिथि और समय पर आयोजित करने के बारे में सूचित किया गया है। यदि वे ऐसा चाहते हैं, तो निर्धारित नीलामी से पहले ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान अतिरिक्त ब्याज और उस पर देय अन्य लागतों के साथ करें। भुगतान में चूक के मामले में, किसी या सभी सुरक्षित सम्पत्तियों/सुरक्षित आस्तियों को प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के विवेक पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के तहत निर्धारित किसी भी माध्यम से बेचा जाएगा।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 07.11.2026

स्थान: भिवाड़ी, राजस्थान

सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड

सीएफएमएआरसी ट्रस्ट -2 आईएफसीआई के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत

सीकर सीनियर जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप

शेखावाटी कॉलेज (लोसल) ने जीता रोमांचक फाइनल, कॉलेज में जश्न



सीमा सन्देश संवाददाता

लोसल/सीकर। सीकर के राजकीय एस.के. स्कूल खेल मैदान में 4 से 5 नवंबर को जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शेखावाटी कॉलेज, लोसल की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने बेहतरीन खेल कौशल, सटीक तालमेल और आक्रामक रणनीति का प्रदर्शन करते हुए विपक्ष को पछाड़कर यह ऐतिहासिक जीत हासिल की।

फाइनल मुकाबले में शेखावाटी कॉलेज और लक्ष्मणगढ़ कॉलेज की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बेहद रोमांचक और सांसें थाम देने वाले इस मुकाबले में शेखावाटी कॉलेज ने लक्ष्मणगढ़ कॉलेज को मात्र एक अंक के अंतर से 36-35 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को चमचमाती ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन, खेल प्रशिक्षक और आयोजक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

शेखावाटी शिक्षण समूह चेयरमैन के निजी सचिव भरत शर्मा ने बताया कि टीम की इस उपलब्धि पर शेखावाटी समूह के चेयरमैन बी.एल. रणवा, निदेशक राहुल रणवा, कॉलेज प्राचार्य एस के बड़जात्या, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश रणवा, सुरेंद्र सिंह, अशोक कुमार धर्मेंद्र चौधरी और कोच राहुल यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षकों के सही मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हुई है।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब 12 से 15 नवंबर तक हनुमानगढ़ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

दीपावली के अवसर पर ग्राम पंचायत जालसू कला में स्वच्छता अभियान, सरपंच व युवा टीम ने संभाली कमान

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना। ग्राम पंचायत जालसू कला में दीपावली पर स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच सांवर राम मेघवाल ने स्वयं आगे आकर सफाई कार्य में श्रमदान किया। उनके साथ गांव की युवा टीम ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया ओमप्रकाश जी जागिड़ जय सिंह जी फौजी साहब, महेंद्र सिंह जालसू , मुकेश जी खालिया उपसरपंच, पूसा राम बेनीवाल युवा टीम रामअवतार बेनीवाल , रामकुंवार भादू , जगदीश नाथ ,राजेंद्र भादू, महेंद्र नाथ, जितेंद्र जी कुमावत , ईश्वर सिंह ,सुनील ब्यावत , विनोद मेघवाल , रवि मेघवाल, बाबू राम मंडार, ओमप्रकाश मंडार, घनश्याम ब्यावत , प्रेम जी ब्यावत, राजेश भादू , मुकेश वैष्णव, भरत सिंह जोधा , रामअवतार ब्यावत, ओमप्रकाश ब्यावत, रामदेव भाटी , राकेश बारूपाल, सूखा राम भाटी आदि शामिल हुए।

पंचायती राज आम चुनाव-2026

चतुर्थ चरण के चुनाव के तहत नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद नामांकन पत्रों की स्थिति स्पष्ट

सीमा सन्देश संवाददाता

डीडवाना-कुचामन। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत चतुर्थ चरण के लिए डीडवाना-कुचामन जिले की चार पंचायत समितियों में नामनिर्देशन पत्रों (नामांकन) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नामांकन व उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीना ने बताया कि चतुर्थ चरण के तहत जिले की 4 पंचायत समितियों (डीडवाना, कुचामन सिटी, लाडनूं और मौलासर) के कुल 104 निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के लिए कुल 542 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, संवीक्षा (जांच) के दौरान 68 नामांकन खारिज किए गए और 19 आवेदन फॉर्मों में विसंगतियां पाई गईं। इसके बाद मान्य पाए गए 455 उम्मीदवारों में से 75 उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब कुल 380 अंतिम उम्मीदवार शेष रहे हैं। उन्होंने बताया कि लाडनू में 103 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 165 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 28 खारिज हुए और 27 ने नाम वापस लिए।

कुचामन सिटी: यहाँ कुल 97 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। कुल 163 आवेदनों में से 28 खारिज हुए और 28 ने नाम वापस लिए।

डीडवाना: यहाँ कुल 94 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 107 आवेदनों में से 6 खारिज हुए और 6 ने नाम वापस लिए।

मौलासर: यहाँ सबसे कम 86 उम्मीदवार चुनावी मुकाबले में हैं। कुल 107 आवेदनों में से 6 खारिज हुए और 14 ने नाम वापस लिए।

पार्टी वार स्थिति

इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC): कुल 103 उम्मीदवार (48 पुरुष, 55 महिला)।

निर्भीक पत्रकार एवं समाजसेवी मनोज गंगवाल का जन्मदिवस सादगी एवं सेवा भाव के साथ मनाया

सीमा सन्देश संवाददाता



नावां शहर। शुक्रवार को धन्वंतरि त्रयोदशी के पावन पर्व पर रामेश्वरधाम बगीची में नावां के निर्भीक पत्रकार एवं समाजसेवी मनोज गंगवाल का जन्मदिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नावां सोशल सर्विस सोसायटी एवं स्टूडेंट क्लब, नावां शहर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल सेवा कार्यों के साथ की गई, जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम गौसेवा की गई। इसके पश्चात दोपहर 1:15 बजे जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नावां शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने उपस्थित होकर मनोज गंगवाल को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर मनोज गंगवाल ने आधुनिक समय में बढ़ते दिखावे और फिजूलखर्ची वाली जन्मदिवस पार्टियों से अलग एक सादगीपूर्ण जन्मदिवस मनाने की पहल की। उन्होंने केक काटने जैसी आधुनिक परंपराओं से दूरी रखते हुए साधारण एवं सार्थक तरीके से अपना जन्मदिवस मनाया। साथ ही समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय गौसेवा, समाजसेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे सेवा कार्यों को प्राथमिकता दें।

उन्होंने जन्मदिवस को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का अवसर बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने मनोज गंगवाल के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करते हुए उन्हें शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पेंशनर समाज उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव ने सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पेंशनर समाज उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव,सोशल सर्विस सोसायटी अध्यक्ष लुकमान शाह, सोसायटी प्रवक्ता अशोक पारिक अटल, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ अध्यापक शंकरलाल वर्मा,स्टूडेंट क्लब सचिव दशरथ सिंह राठौड़ (लिचाना), जिम संचालक ओम सिंह सिसोदिया, स्टूडेंट क्लब संरक्षक मोतीराम मारवाल, क्लब उपाध्यक्ष नरेंद्र देव टेलर, लक्ष्मीकांत पारिक, प्रवक्ता सुनील कुमावत सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, बी विल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 शाखा कार्यालय इकाई: पहली मंजिल, दुकान नंबर 131, गोविंदम कॉम्प्लेक्स, ओल्ड आरटीओ रोड, भीलवाड़ा,राजस्थान - 311001

ई-नीलामी- बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 23.11.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण खाता सं. HL0006000000000508637 राजू वर्मा (ऋणधारक) मनोहर लाल (सह-ऋणधारक) उर्मिला देवी	नोटिस दिनांक: 11-11-2025 कुल बकाया: रु. 3,36,275/- (रुपये तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ पचहत्तर मात्र) 11-11-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम- कुण्डरोली, ग्राम पंचायत- श्री चंदपुरा, पंचायत समिति- राजगढ़, तहसील- टहला, जिला- अलवर (राज.) की सम्पत्ति के पट्टा नंबर 48, बुक नंबर 22 के सभी खण्ड व हिस्से, (क्षेत्रफल 220 वर्ग यार्डस) (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा) सीमाएं:- उत्तर: खुला प्लॉट, दक्षिण: मंदिर, पूर्व: सड़क, पश्चिम: कैलाश का मकान।	रु.13,75,038.00/- (रुपये तेरह लाख पचहत्तर हजार अड़तीस मात्र)	रु. 1,37,503.80/- (रुपये एक लाख सैंतीस हजार पांच सौ तीन और अस्सी पैसे मात्र)	20.11.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	16.11.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	23.11.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
2.	ऋण खाता सं. HL0009820000000502069 2 महेंद्र महेंद्र (ऋणधारक) शारदा शारदा (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 08-08-2025 कुल बकाया: रु. 26,37,574/- (रुपये छब्बीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) 8.8.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	गुर्जर धरती, नाले के पास, तहसील व जिला- अजमेर में स्थित प्लॉट संख्या 12, खसरा संख्या 5066 के भाग के सभी खण्ड व हिस्से, जिसका कुल अधीमापन 100 वर्ग यार्डस (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा) सीमाएं:- पूर्व- प्लॉट नंबर 11, पश्चिम- सड़क, उत्तर- सड़क, दक्षिण- खुला प्लॉट।	रु.20,70,000.00/- (रुपये बीस लाख सत्तर हजार मात्र)	रु. 2,07,000.00/- (रुपये दो लाख सात हजार मात्र)	20.11.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	16.11.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	23.11.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
3.	ऋण खाता सं. HL0052H20100049 राजकुमार (ऋणधारक) अंजू कड़ूमा (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 10-05-2025 कुल बकाया: रु. 4,73,514/- (रुपये चार लाख तिहत्तर हजार पांच सौ चौदह मात्र) 10-05-2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 14.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम हरवंशपुरा, सांगानेर, बड़ के बालाजी, अजमेर रोड, जयपुर में खसरा संख्या 81, 82/1, 83, 95/1 (भाग ए क्षेत्रफल 15933.34 वर्ग मीटर) एवं (भाग बी क्षेत्रफल 2373.56 वर्ग मीटर) पर अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट "परी रेजीडेंसी" की आवासीय सम्पत्ति के सभी खण्ड व हिस्से, अधीमापन 18306.9 वर्ग मीटर (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा)।	रु. 6,18,800.00/- (रुपये छह लाख अठारह हजार आठ सौ मात्र)	रु. 61,880.00/- (रुपये इकसठ हजार आठ सौ अस्सी मात्र)	20.11.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	16.11.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	23.11.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
4.	ऋण खाता सं. HL0066710000000503953 5 उदय लाल कीर (ऋणधारक) लाडी देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: